वाट्सएप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 18 | बुधवार 17 मई 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### राज्यपाल ने सिक्किम स्थापना दिवस पर वहां के लोगों से किया संवाद

# सिक्किम में पर्यावरण संरक्षण के लिए हो रहे प्रयासों से प्रेरणा लेने की जरूरत: राज्यपाल



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राज्यपाल कलराज मिश्र ने सिक्किम राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान में निवास कर रहे वहां के लोगों से मंगलवार को राजभवन में संवाद किया। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि सिक्किम सर्वाधिक स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त और देश का पहला जैविक राज्य है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सिक्किम में हो रहे प्रयासों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। राज्यपाल ने सिक्किम के इतिहास की चर्चा करते हुए 1975 में बने इस 22वें राज्य के लोगों के रहन-सहन, खान-पान और सांस्कृतिक विविधता को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत सांस्कृतिक विनिमय, प्रेम और सौहार्द को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से राजभवन में राज्यों के स्थापना दिवस मनाने की पहल की गई है। उन्होंने सिक्किम के प्रवासियों से एक-एक कर संवाद किया और राजस्थान के विकास में सहयोग का आह्वान किया। राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्दराम जायसवाल सहित सिक्किम समाज से जुड़े प्रतिष्ठित जन उपस्थित रहे।

## सहप्रभारी निजामुद्दीन बोले- पायलट मजबूत स्तंभ, जल्द फैसला करेंगे खड़गे

### अधीर रंजन ने कहा- गहलोत का कोई मुकाबला नहीं, पायलट को जो करना है करने दीजिए

**जयपुर. कासं**

सचिन पायलट को लेकर कांग्रेस में खींचतान तेज हो गई है। पायलट को लेकर कांग्रेस के भीतर अलग अलग राय सामने आ रही है। लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी खुलकर सीएम अशोक गहलोत के पक्ष में उतर गए हैं। अधीर रंजन ने यहां तक कह दिया कि पायलट को जो करना है वह करने दीजिए। वहीं, राजस्थान कांग्रेस के सहप्रभारी काजी निजामुद्दीन ने पायलट को मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा- राजस्थान पर कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जल्द फैसला करेंगे। सचिन पायलट के आंदोलन की चेतावनी और यात्रा पर अधीर रंजन ने कहा- जिसकी जो मर्जी है, वह करने दिया जाए। पिछले दिनों भी उन्होंने बहुत कुछ किया है। एक



बात में दावे से कह सकता हूं कि हिंदुस्तान में अगर काबिल चीफ मिनिस्टर की सूची बनाई जाए तो उसमें जरूर पहले पंक्ति में हमारे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रहेंगे। इतने काबिल चीफ मिनिस्टर हैं। किसी को अच्छा लगे बुरा लगे वह अलग बात है, लेकिन काबिलियत के तौर पर हमारे चीफ मिनिस्टर अशोक गहलोत का कोई जवाब नहीं है। जिस व्यक्ति की जो मर्जी कर सकते हैं, कांग्रेस पार्टी हर चुनौती से निपटना जानती है।

### सह प्रभारी बोले- पायलट मजबूत स्तम्भ, उनका पिन पॉइंट मामला होगा तो सरकार देखेगी

राजस्थान कांग्रेस के सह प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने सचिन पायलट के मुद्दे पर कहा- सचिन पायलट पार्टी के मजबूत स्तंभ है। अगर कोई उनकी भ्रष्टाचार को लेकर पिनपॉइंट शिकायत है तो उसे दिखवाया जा सकता है। इस मामले को पूरी तरह से मलिकार्जुन खड़गे ही देख रहे हैं। काजी ने कहा- पायलट के मामले पर कांग्रेस प्रेसिडेंट मलिकार्जुन खड़गे का ऑफिस पैनी निगाह रखे है। वे खुद इसे ऑब्जर्व कर रहे हैं। उनके ऑब्जरवेशन में चीजें हैं। कर्नाटक में डिसीजन हो जाए उसके बाद राजस्थान पर निर्णय होगा। इस पर निर्णय मलिकार्जुन खड़गे ही लेंगे।

# स्फटिक मणि की प्रतिमा अब स्वर्ण वेदी पर विराजमान होगी



**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। मुनि श्री आदित्य सागर जी, मुनि श्री अप्रमित सागर जी एवं मुनि श्री सहज सागर जी महाराज की प्रेरणा एवं आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के आशीर्वाद से पिछले दिनों आजाद कुमार जैन एवं सी ए अशोक खासगीवाला वाला परिवार द्वारा समोसरण मंदिर कंचन बाग में विश्व की सबसे बड़ी स्फटिक मणि की भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा जिस वेदी पर विराजमान की गई थी उस वेदी को मुनि श्री की ही प्रेरणा एवं समाज सहयोग से स्वर्ण से सज्जित नक्काशीदार वेदी के रूप में परिवर्तित एवं स्थापित किया गया है। इस उपलक्ष में समोसरण मंदिर में दिनांक 16 मई से 18 मई तक तीन दिवसीय स्वर्ण बेदी स्थापना एवं महामस्तकाभिषेक समारोह का शुभारंभ संध्या 4:00 बजे मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में घट यात्रा, वेदी शुद्धि और मुनि श्री के प्रवचन से हुआ। प्रचार प्रमुख राजेश जैन दद्दू एवं हंसमुख गांधी ने बताया कि बुधवार 17 मई को प्रातः 6:30 बजे से नित्य नियम अभिषेक पूजन, इंद्र प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा एवं याग मंडल विधान और प्रातः 9:00 मुनि श्री के प्रवचन होंगे। 18 मई को भगवान शांतिनाथ स्वामी के जन्म ,तप और मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष में भगवान शांतिनाथ की पूजन, महामस्तकाभिषेक एवं शांतिनाथ भगवान को निर्वाण लाडू समर्पण और मुनि श्री के प्रवचन होंगे। आज घट यात्रा समापन के पश्चात मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ने संक्षिप्त प्रवचन देते हुए कहा कि आप सब के प्रयास और सहयोग से स्फटिक मणि की शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा के अब स्वर्ण वेदी पर विराजमान होने से प्रतिमा एवं समोसरण मंदिर की शोभा द्विगुणित हो गई है और इसकी ख्याति दूर-दूर तक फेलेगी एवं समोसरण मंदिर समोसरण तीर्थ इंदौर के नाम से पहचाना जाएगा।

# श्रीसम्मेद शिखर तीर्थ यात्रा पर 211 सदस्यीय दल हुआ रवाना



**किशनगढ़. शाबाश इंडिया**

दूदू परिक्षेत्र के उरसेवा निवासी महावीर प्रसाद, विनोद कुमार, कैलाश चंद पाटनी परिवार की अगुवाई में आज मदनगंज-किशनगढ़ से शाश्वत सिद्ध क्षेत्र श्री सम्मेद शिखरजी की तीर्थयात्रा के लिए 211 सदस्यीय दल मंगलवार को ट्रेन के जरिए रवाना हुआ, जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि उक्त यात्रा दल वात्सल्य वारिधि आचार्यश्री वर्धमान सागर महाराज की पावन प्रेरणा व आशीर्वाद से रवाना हुआ तथा यह दल तीर्थ वंदना कर 21 मई को वापस किशनगढ़ पहुंचेगा, तीर्थ यात्रा के पुण्यार्जक महावीर प्रसाद विनोद कुमार कैलाशचंद पाटनी परिवार उरसेवा वाले है। कार्यक्रम में किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर तीर्थयात्रा पर निकले दल को श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन पंचायत के मंत्री सुभाष बड़जात्या, आदिनाथ दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष प्रकाश चंद गंगवाल, इन्द्रचंद पाटनी, मुकेश पाटनी, पदम गंगवाल, माणकचंद गंगवाल, संजय पांडया, विमल बड़जात्या, सुरेश बागड़ा आदि समाजबंधुओं ने यात्रा दल का अभिनंदन कर विदाई दी गई तथा सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से तीर्थ यात्रा के पुण्यार्जक पाटनी परिवार उरसेवा वाले का सम्मान किया गया। तीर्थ यात्रा संयोजक कैलाश पाटनी ने बताया कि यह दल तीर्थवंदना के अतिरिक्त सम्मेद शिखरजी में विराजित मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज एवं गणिनी आर्यिका विभाश्री माताजी ससंघ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेगा। 19 मई को सिद्ध क्षेत्र पर आयोजित भजन संध्या में प्रसिद्ध गायक कलाकार अनिल पांड्या एण्ड पार्टी कुचामन वाले भजनों की प्रस्तुतियां देंगे, मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन पंचायत अध्यक्ष विनोद पाटनी ने बताया कि सिद्ध क्षेत्र सम्मेद शिखरजी का जैन धर्म में विशेष महत्व है। यह 20 तीर्थकरों को निर्वाण भूमि है। पहाड़ की वंदना कुल 27 किलोमीटर की है। 23वें तीर्थकर भगवान पाश्र्वनाथ भी यहीं से मोक्ष गए थे गोधा ने अवगत कराया कि उक्त यात्रा दल में महावीर प्रसाद, विनोद कुमार, कैलाशचंद, प्रकाशचंद, नेमीचंद, विमल कुमार, कमल कुमार, मुकेश काला, महेन्द्र कुमार , पिंटू पाटनी के अतिरिक्त संजय पापड़ीवाल, पारसमल पांड्या, विजय कासलीवाल, नरेन्द्र गंगवाल, दिलीप कासलीवाल, चेतन प्रकाश पांड्या, निर्मल पांड्या, प्रेमचंद बड़जात्या, सुरेन्द दगड़ा, सुभाष वैद, कमल रांवका, विमल पांपल्या, दिनेश पाटनी, अनिल गंगवाल, गौरव पाटनी, भागचंद बोहरा, सुभाष चैधरी, राकेश पाटनी, प्रवीण सोनी, पदमचंद बड़जात्या, अभिषेक छाबड़ा, नवीन काला, दिलीप काला, प्रदीप गदिया, प्रवीण पहाड़िया, भागचंद कासलीवाल, नरेश झांझरी, अशोक गोधा, अनिल बाकलीवाल, नरेन्द्र बाकलीवाल, पांचूलाल अजमेरा, ललित अजमेरा, निर्मल अजमेरा, दिनेश अजमेरा, अनिल अजमेरा, राजाबाबू गोधा, बाबूलाल जैन, राहुल गंगवाल, सचिन सोनी, प्रसिद्ध चिकित्सक डा. संजय सोगानी आदि श्रद्धालु शामिल है।

# सिहोनियाँ जैन मंदिर में की गई जिनवाणी की सामूहिक साजसज्जा



**मनोज नायक. शाबाश इंडिया।**

मुरैना। जिनवाणी सुरक्षा एवं साजसज्जा कार्यक्रम के तहत सिहोनियाँ जैन मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिनवाणी सुरक्षा संयोजिका श्रीमती सरिता जैन एवं कल्पना जैन ने बताया कि 24 मई को श्रुत पंचमी का महापर्व जैन मंदिरों एवं घर-घर में भक्तिभाव से मनाया जाएगा ।इस अवसर पर जैन समाज की महिला टीम ने अतिशय क्षेत्र सिहोनियाँ जी पहुँचकर मन्दिर जी में विराजमान जिनवाणी मां एवं अन्य शास्त्रों के रखरखाव का अवलोकन किया । जैन समाज की महिलाओं द्वारा सिहोनियाँ जैन मन्दिर में विराजमान सभी शास्त्रों एवं जिनवाणियों की साफ सफाई की ।जीर्णशीर्ण पुस्तकों पर जिल्द एवं कागज के कवर चढ़ाए गए ।जो शास्त्र पुराने बस्त्रों में रखे हुए थे, उन्हें नवीन वस्त्रों में रखा गया ।सभी प्रकार के धर्म ग्रंथों को सुरक्षात्मक तरीके से सजाया गया। अन्य दिनों में भी ''चलो सजाएं शास्त्र, करें श्रृंगार माँ जिनवाणी'' आयोजन के तहत धार्मिक शास्त्र एवं ग्रंथों की आकर्षक साज-सज्जा अन्य मंदिरों में भी की जाएगी। मां जिनवाणी सुरक्षा एवं साज सज्जा अभियान मुरैना की संयोजिका वीरांगना सरिता जैन एवं कल्पना जैन ने अपनी टीम के साथ सिहोनिया जी मन्दिर पहुचीं । उनकी टीम में बीना जैन, पारुल जैन, श्वेता जैन, रुचि जैन मुख्य रूप से सम्मिलित रहीं ।महिलाओं की टीम ने अन्य सभी लोगों से इस अभियान में सम्मिलित होकर सहयोग प्रदान करने की अपील की है ।



# भगवान परशुराम जी की जय-जयकार लंदन की संसद में हुई

## वर्ल्ड ब्राह्मण कन्वेंशन लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट में हुआ आयोजित, ब्राह्मण सर्वजन सुखाय की भावना के साथ कार्य करें: पं. सुरेश मिश्रा

### ★ 9 देशों के प्रतिनिधि आये समारोह में, राष्ट्र हित और ब्राह्मण हित पर हुआ चिंतन
### ★ 2 वर्ष में 14 देशों में होगी भगवान परशुराम जी की प्राण-प्रतिष्ठा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सर्व ब्राह्मण महासभा और यूनाइटेड ब्राह्मण फ्रंट यूके की और से ''वर्ल्ड ब्राह्मण कन्वेंशन'' का आयोजन पहली बार लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट में मेहंदीपुर बालाजी के महंत नरेश पुरी महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ। जिसमें देष-विदेश के ब्राह्मणों ने हिस्सा लिया। ब्राह्मण सर्वजन सुखाय की भावना के साथ कार्य करें और देश को आगे बढ़ाने मे ब्राह्मणों की भूमिका को कोई नकार नहीं सकता है। ब्राह्मण समाज सदैव परहितकारी रहा है। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में और अपने पुरातन ज्ञान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। ये विचार सर्व ब्राह्मण महासभा एवं युनाईटेड ब्राह्मण फ्रंट यूके की और से लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट में ''**वर्ल्ड ब्राह्मण कन्वेंशन**'' के शुभारंभ के अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहे। मिश्रा ने बताया कि विश्व में पहली बार लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट के अंदर ''**ग्लोबल ब्राह्मण लीडर्स**'' एकत्रित हुए और भारतीय ब्राह्मण समाज की तेजस्विता और विश्व भर में शांति और सामंजस्य पर चर्चा हुई। भारत कैसे ''**विश्व गुरू**'' बने इस पर एक शोध पत्र भी जारी किया गया। इस कन्वेंशन में ''**ब्राह्मणिकल वैल्यूज फॉर वर्ल्ड पीस एंड हार्मूनिज**'' पर भी चर्चा हुई साथ ही ब्राह्मण समाज के लिये आज गौरवशाली दिन है कि लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट में ब्राह्मण समाज का झंडा बुलंद हुआ है। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि लंदन में पांच बार के सांसद डॉ. वीरेन्द्र शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज सनातन काल से सभी जाति समाज को साथ लेकर चला है







और अब आवश्यकता इस बात की है कि बदली हुई परिस्थितियों में उसे स्वयं पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। जब ब्राह्मण आगे बढेगा तो निश्चित रूप से देश का विकास होगा। इस अवसर पर मेहंदीपुर बालाजी के महंत नरेश पुरी जी महाराज ने कहा कि इस अवसर पर चिंतन करना चाहिए कि हम आखिरी छोर पर बैठे हुए ब्राह्मण की कैसे मदद कर सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेहंदीपुर बालाजी में संस्कृत शिक्षा को बढावा देने के लिये हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर यू.के. के सांसद नवेन्द्र मिश्रा ने कहा कि ये हम सबके लिये गौरव की बात है कि आज लंदन की संसद में ब्राह्मण समाज के इतिहास और संस्कृति की विरासत पर चर्चा कर रहे है। इस अवसर पर न्यूयॉर्क के इन्द्रजीत शर्मा ने कहा कि भारत का सांस्कृतिक इतिहास इस बात का साक्षी है कि सृष्टि के उदयकाल से लेकर आज तक ब्राह्मणों ने अपने अपूर्व चिंतन एवं तप से ज्ञान, विज्ञान अर्जित कर पूरी मानव सभ्यता को आगे बढ़ाने का काम किया हैं। लंदन में हिन्दी के मशहूर साहित्यकार तेजेन्द्र शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण स्वयं के लिये नहीं राष्ट्र संस्कृति एवं मानवता के लिये जीता आया हैं। ब्राह्मण का मूल मंत्र रहा है ''सर्वे भवन्तु सुखिन'' समाज और राष्ट्र जब भी दिग्भ्रमित हुआ है, ब्राह्मण समाज उठ खड़ा हुआ है। इस अवसर पर लंदन के बीबीसी के पत्रकार रवि शर्मा ने कहा है कि हम सब मिलकर पुरे विश्व को एक दिशा दे सकते हैं। इस अवसर पर बर्मिंघम में मुख्य पुजारी विवेकानन्द शर्मा ने कहा कि लंदन में परशुराम जी की जय जयकार हो रही है और जल्दी ही हम यहां पर परशुराम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा भी करेगे। इस अवसर पर न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि दीपक जोशी, जापान के प्रवीण शर्मा, ऑस्ट्रेलिया के कपिल जोशी, कर्नाटक से विश्वराज सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा ने यह भी निश्चित किया है कि आगामी 2 वर्ष में परशुराम जयंती के पूर्व 14 देशों में भगवान परशुराम जी की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कर पूर्जा अर्चना प्रारम्भ करवाई जायेगी। इस हेतु लंदन, अमेरिका, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया के मंदिर चिन्हित कर लिये गये है। इस अवसर पर यह भी निर्णय लिये गया किया विदेश आकर पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सहायता के लिये एक महासभा का अप्रवासी प्रकोष्ठ की गठित किया जायेगा। इस अवसर पर सांसद वीरेंद्र शर्मा ने घोषणा की है कि जो भी विद्यार्थी सहायता के लिये आयेगा उसकी मदद करेगें। इस अवसर पर एक प्रस्ताव यह भी आया कि लंदन में एक गुरुकुल प्रारम्भ किया जाये। इस अवसर पर मेहंदीपुर बालाजी के महंत नरेश पुरी जी महाराज को ''संत शिरोमणी'' सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही देश-विदेश में पहले ब्राह्मण सांसद जो लगातार पांच बार जीते है उन्हें ''ग्लोबल ब्राह्मण लीडर्स'' सम्मान सम्मानित किया गया।

## वेद ज्ञान

# ईश्वरीय कृपा

वह सत्य स्वरूप परमात्मा एक है जिसे हम सभी अलग-अलग नामों से पुकारते हैं। धरती, जल, अग्नि, वायु और आकाश हर जगह उसकी सत्ता विराजमान है। उसकी मर्जी के बगैर एक पत्ता भी नहीं हिलता है। वह कण-कण में समाया है। हमारे भीतर हर पल वह हमारे साथ है। हमारे हृदय मंदिर में यदि परमात्मा के नाम की बयार बहने लगे तो समझें कि सारा संसार मधुवन-वृंदावन हो जाता है। इसलिए प्रभु की सुध-बुध लग जाए इसके लिए हमें प्रार्थना करनी चाहिए। अपनी पात्रता तैयार करने के लिए आज ही तत्पर हो जाएं। मन, कर्म और वचन से सच्चे बन जाएं। अपनी आत्मा को उस परमात्मा से जोड़ने का प्रयास करें। ऐसा इसलिए, क्योंकि हम उस एक ईश्वर के ही अंश हैं। यह भगवान श्रीकृष्ण की स्वयं की उद्घोषणा है, परंतु ध्यान रहे जिसको भी प्रभु का इस दुनिया में सहारा नहीं मिला है उसे संसार सागर का किनारा भी नहीं मिला है। जो सब सहारों की फिक्र छोड़कर एक प्रभु का सहारा पा लेता है। वह सब कुछ साध लेता है। ईश्वर को जानने के पथ पर जो अग्रसर होता है वह पाप कर्मों से बच जाता है। उसके अंदर का अहंकार मिट जाता है। मिथ्या भावनाएं अनायास ही चली जाती हैं। ध्यान रहे जो जागता है और जीवन में हर पल सचेत व सजग रहता है उसे ही कृपा मूर्ति, करुणा के सागर परमपिता का दर्शन होता है। वेदों में भगवान ने स्वयं कहा है कि ए मनुष्य! तू हर पल मेरे साथ है, तू मेरे आश्रय में बसा हुआ है, मैं तेरा मित्र हूं। परमात्मा की कृपा मिलते ही लोहे जैसा जीवन भी कंचन बन जाता है। हम इस मायावी संसार में कितना भी घूम लें, भटक लें, लेकिन शांति तभी मिलेगी जब हम प्रभु की चरण-शरण में पहुंचेंगे। कितना ही भोगों को भोग लें, पर यह भूख मिटने वाली नहीं है। यह मिटेगी मात्र भगवान की भक्ति से। भगवान प्रेम के भूखे हैं, भक्ति के भूखे हैं। वह जिसकी बांह पकड़ लें उसकी नैया पार है। वह अंतर्यामी नाथ परमात्मा ही इस जीवन के आधार हैं। उनकी कृपा से ही हमारे जीवन में जाग्रति आ पाएगी। वही माता है, पिता है, बंधु है, हमारे सखा हैं। जब सारे रास्ते दुनियादारी के बंद हो जाते हैं और रिश्ते नाते टूट जाते हैं तो भी वह हमारे साथ रहता हैं। इसलिए उस परमपिता का ध्यान हमेशा बनाए रखें। जीवन सफल होगा।

## संपादकीय

# हैरान करने वाले नहीं हैं कर्नाटक के नतीजे

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे हैरान करने वाले नहीं हैं। इसकी पृष्ठभूमि काफी पहले से बननी शुरू हो गई थी। इससे कांग्रेस को स्वाभाविक रूप से पुनर्जीवन मिला है। इसे लेकर वह काफी आशान्वित भी थी। सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत से कहीं अधिक सीटें उसे मिली हैं, इस तरह उसके भविष्य को लेकर फिलहाल कोई आशंका नहीं है। इन नतीजों का विश्लेषण कई लोग अगले साल होने वाले आम चुनाव पर पड़ने वाले असर के पैमाने के रूप में कर रहे हैं। मगर लोकतंत्र में हर चुनाव की स्थितियां भिन्न होती हैं और उन्हें परस्पर जोड़ कर देखना कई बार धोखादेह साबित हो सकता है। हालांकि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि कर्नाटक चुनाव परिणाम भाजपा के लिए खतरे की घंटी की तरह आए हैं। उसने चुनाव प्रचार में अपनी सारी ताकत झोंक दी थी, मतदाताओं को अपनी तरफ खींचने का हर तरीका आजमाने की कोशिश की, मगर कामयाब नहीं हो पाई, तो उसकी वजहें भी साफ हैं। दरअसल, लोगों ने पहले ही मन बना लिया था कि भाजपा को सत्ता में नहीं आने देना है। जब मतदाता का ऐसा रुझान होता है, तो राजनीतिक दल चाहे, जितने भी तरीके आजमा लें, जितनी भी ताकत झोंक लें, उन्हें कामयाबी नहीं मिल पाती। हिमाचल प्रदेश में भी यही हुआ। दरअसल, कर्नाटक में भाजपा सरकार के कामकाज को लेकर लोग खुश नहीं थे। सबसे अधिक नाराजगी भ्रष्टाचार की वजह से थी। चालीस प्रतिशत कमीशन की सरकार का जुमला उस पर काफी भारी पड़ा। सत्तापक्ष के कई नेता भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त पाए गए थे। फिर बेरोजगारी और महंगाई का मुद्दा भी भाजपा के खिलाफ गया। ये कुछ दाग ऐसे थे, जिन्हें धोना भाजपा के लिए आसान नहीं था, इसलिए उसने विकास का मुद्दा उठाया ही नहीं, जिसका बखान वह दूसरे राज्यों के चुनाव में करती रहती है। धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण करने का प्रयास करती रही, जो उसके खिलाफ ही गया। इसके उलट कांग्रेस बुनियादी और स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित रही। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के समय ही कर्नाटक के लोगों का रुझान पता चल गया था। फिर सिद्धरमैया और डीके शिवकुमार जैसे कद्दावर नेताओं ने संगठित होकर जिस तरह काम किया, उसका प्रभाव पड़ा और कांग्रेस को उसका लाभ मिला। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का प्रभाव भी काम आया। इसके उलट, भाजपा में शुरू से ही असंतोष नजर आने लगा था। उसके कई वरिष्ठ नेता चुनाव के समय पार्टी छोड़ गए। हालांकि कुछ लोग इन नतीजों को जातीय समीकरण के आधार पर हल करते देखे जा रहे हैं, मगर इसमें जद (सेकु) की फजीहत को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दरअसल, कांग्रेस को सभी समुदायों का मत मिला। इस तरह स्पष्ट है कि कर्नाटक में कांग्रेस ने फिर से अपनी पुरानी जमीन वापस पाने में कामयाबी हासिल की है। उसे न केवल अल्पसंख्यकों, बल्कि अन्य पिछड़ी जातियों और दलित वर्ग का भी समर्थन हासिल हुआ है।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# सेहत!

किसी भी देश में विकास के नारे तभी वास्तविक और सार्थक हो सकते हैं, जब समाज के आम लोगों को सेहत और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल पाता है। सेहत के मोर्चे पर आज भी तस्वीर ऐसी हो कि जच्चा-बच्चा की मौतों के मामले में देश की स्थिति सबसे खराब हो तो ऐसे में यह कहना मुश्किल है कि विकास के ढांचे में प्राथमिकताएं क्या हैं। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है कि जच्चा-बच्चा मौतों के मामले में जिन देशों की स्थिति बेहद नकारात्मक पाई गई है, उसमें भारत की तस्वीर सबसे खराब है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में प्रसव के दौरान महिलाओं, मृत शिशुओं के जन्म और नवजात शिशुओं की मौत के मामले सबसे ज्यादा हैं। सन 2020-2021 में दुनिया के अलग-अलग देशों में तेईस लाख नवजात शिशुओं की मौत हो गई, जिनमें से भारत में मरने वालों की संख्या सात लाख अठासी हजार रही। सवाल है कि जिस दौर में सरकार स्वास्थ्य को लेकर सबसे ज्यादा संवेदनशील होने और प्राथमिकता में सबसे ऊपर मान कर काम करने का दावा कर रही है, उसमें आज भी प्रसव के दौरान महिलाओं और नवजात की मौत के मामले क्यों अधिक हैं! दरअसल, जच्चा-बच्चा मौतों को लेकर यह दुखद तस्वीर नई नहीं है। लंबे समय से यह विडंबना एक तरह से स्थिर और कायम है कि प्रसव के दौरान महिलाओं या नवजात की जान चली जाती है। चिकित्सा सुविधाओं का दायरा फिलहाल इतना है कि उस तक बहुत सारे जरूरतमंद परिवारों की पहुंच नहीं है या फिर वहां बुनियादी सुविधाओं की कमी है। एक बड़े तबके के बीच महिलाओं को गर्भधारण के बाद जिन पोषक तत्त्वों की जरूरत होती है, कई कारणों से उससे वे वंचित होती हैं। इसका सीधा असर उनकी सेहत, शारीरिक क्षमता और प्रसव पर पड़ता है, जिसमें कई बार प्रसव के समय महिला की जान चली जाती है या फिर बच्चा इतना कमजोर पैदा होता है कि उसे बचाया नहीं जा पाता। यह स्थिति तब है जब महिलाओं की सेहत और प्रजनन स्वास्थ्य को लेकर सरकारों की ओर से अनेक तरह की योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन होता रहा है। गौरतलब है कि सुरक्षित प्रसव के लिए प्रसूता महिलाओं को अस्पतालों में सुविधाएं और नगदी सहायता मुहैया कराई जाती है। 2005 से लागू जननी सुरक्षा योजना की शुरूआत ही गर्भवती माताओं और नवजात की सेहत में सुधार लाने के मकसद से हुई थी। इसके तहत कई राज्यों में गर्भवती महिलाओं के खाते में छह हजार रुपए दिए जाते हैं, ताकि जच्चा-बच्चा को जरूरी पोषण मिल सके। 2011 में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार मंत्रालय ने जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम की शुरूआत की और इसके दो साल बाद इसके तहत दी जाने वाली सुविधाओं का विस्तार हुआ और उसमें जन्म के बाद नवजात के पोषण और इलाज की सहूलियत भी शामिल की गई। कायदे से अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों के बाद जच्चा-बच्चा की मौतों के मामले में स्थिति में सुधार आना चाहिए था। मगर आखिर ऐसा क्यों है कि तमाम प्रयासों के बावजूद प्रसव के दौरान महिलाओं, मृत शिशुओं का जन्म और नवजातों की मौत का सिलसिला आज भी कायम है? समूचे देश में स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने के दावे के दौर में यह तस्वीर एक तरह से आईना दिखाती है कि जमीनी स्तर पर हकीकत क्या है और अभी कितना कुछ किया जाना बाकी है।




# जैन सोश्यल ग्रुप अनंता का दसवाँ चार्टर्ड डे एवं शपथ ग्रहण समारोह को स्पेक्ट्रम रिसोर्ट में मनाया गया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस ,अनंता का चार्टर डे एवं शपथ ग्रहण समारोह तीनों कार्यक्रमों को उत्साह से उत्सव की तरह मनाया गया।अध्यक्ष डा शिल्पा नाहर एवम सचिव राजेश सिसोदिया ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि jsgif के पूर्व चेयरमैन एवं देह दान के प्रेरक कमल सचेती, कार्यक्रम अध्यक्ष मारवाड़ रीज़न चेयरमैन अनिल नाहर ,विशिष्ट अतिथि ओ पी चपलौत एवम् गेस्ट ऑफ़ ऑनर इलैक्ट चेयरमैन अरुण मांडोत उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन से किया गया है। कल्पना धर्मावत एवम् प्रिया चपलोत ग्रुप ने मंगलाचरण के द्वारा कार्यक्रम का आगाज़ किया। फेडरेशन सूत्र का वाचन राजकुमार बाबेल ने किया । संस्थापक अध्यक्ष मोहन बोहरा ने जैन सोशयल ग्रुप अनंता का विस्तृत परिचय दिया।निवर्तमान अध्यक्ष विनोद पगारिया ने स्वागत उद्बोधन किया निवर्तमान सचिव अरुण ख़मेसरा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। 17 नवीन सदस्यों का अनंता में स्वागत किया गया और शपथ अरुण मंडोत द्वारा दिलायी गई । 2023-25 के लिए नवीन कार्यकारिणी को कमल सचेती एवं ओ पी चपलोत ने शपथ दिलायी। साथ ही चेयरमैन अनिल नाहर ने 2023-25 के लिए अध्यक्ष डॉक्टर शिल्पा नाहर एवं सचिव इंजिनियर राजेश सिसोदिया को शपथ दिलाई । उपाधयक्ष अरुण ख़ामेसरा संयुक्त सचिव शशिकांत जैन कोषाध्यक्ष ललित कच्छारा नियुक्त किए गए। अनंता के सितारे जो फेडरेशन एवम् रीजन में चमक रहे हैं मोहन बोहरा , गजेन्द्र जोधावत , राकेश भानावत, राजकुमार बाबेल, प्रदीप बाबेल , विनोद पगारिया का भी सम्मान किया गया । अध्यक्ष डॉक्टर शिल्पा नाहर ने बताया कि इस वर्ष वर्ष का सिग्नेचर प्रोजेक्ट True wealth is Health रहेगा अर्थात सच्ची सम्पत्ति सेहत ही है। इस के अन्तर्गत आगामी दो वर्षों में लॉफ्टर योगा, हेल्थ सेमिनार, स्ट्रेस मैनेजमेंट, आहार विशेषज्ञों, डॉक्टर्स के साथ सेमिनार किए जाएंगे ।अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए सतत प्रयत्नशील रहना और सिर्फ़ अपनों के चेहरों पर मुस्कान देखना ही एक मात्र उद्देश्य नहीं होगा बल्कि परायों को भी अपना बना लेना यही प्रयास सदैव रहेगा। इस हेतु अनंता सहायता कोष का निर्माण किया गया है जो जैन बच्चों एवं परिवारों की आर्थिक सहायता करेगा । कार्यक्रम में दो सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई एक मदर्स डे के उपलक्ष्य में और एक रेट्रो थीम पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए गए।संचालन नैना सिसोदिया एवं सोनिका सिंघवी ने किया। सचिव इंजिनियर राजेश सिसोदिया ने धन्यवाद दिया।




## विशाल भजन संध्या और सामूहिक नमोकार जाप कार्यक्रम 17 मई को

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन शांतिनाथ मंदिर लाल कोठी (एवरेस्ट कॉलोनी, जयपुर) के तत्वावधान में भगवान शांतिनाथ जी के जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक के शुभ अवसर पर जैन धर्म और जैन समाज की प्रभावना के लिए कटिबद्ध पंजीकृत प्रतिनिधि संस्था ''सामूहिक जिनेन्द्र आराधना संस्था फैडरेशन जयपुर'' द्वारा विशाल भजन संध्या एवं सामूहिक णमोकार जाप कार्यक्रम का आयोजन बुधवार, 17 मई, 2023, रात्रि 7.30 बजे से प्रांगण (श्री दिग. जैन शांतिनाथ मंदिर, लालकोठी, जयपुर में किया जाएगा। इस विशेष आयोजन में सुप्रसिद्ध गायक कलाकारों संजय रायजादा एबीसीएल फैम, डॉ. गौरव जैन सारेगामा फेम, दीपशिखा जैन गुरुकुल फैम, अशोक गंगवाल संस्थापक गायक (एसजेए), एवम् साक्षी जैन फैम युवा गायिका अपने सुमधुर भजनों से उपस्थित बंधुओं को मंत्र मुग्ध करेंगे। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से अध्यक्ष एडवोकेट निहालचंद सौगाणी, उपाध्यक्ष व कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जी. सी. सौगाणी, उपाध्यक्ष मंजू छाबड़ा, मंत्री प्रदीप जैन एवं सामूहिक जिनेन्द्र आराधना संस्था फेडरेशन के अध्यक्ष राकेश- नीलू गोधा, महामंत्री धीरज-सीमा पाटनी व कोषाध्यक्ष संजय -साधना काला एवं समस्त कार्यकारिणी व पदाधिकारीगण एसजेए फैडरेशन ने सभी साधर्मी बंधुओ को इस भव्य अनुपम आयोजन में पधारकर धर्म लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

# आचार्य श्री वर्धमान सागर महाराज ने क्षुल्लिका 105 श्री शांतमति माताजी को आर्यिका दीक्षा प्रदान की





**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

वात्सल्य वारिधी पंचम पट्टाधीश आचार्य श्री वर्धमान सागर महाराज ने धर्म नगरी उदयपुर में संघस्थ क्षुल्लिका 105 श्री शांतमति माताजी को 15 मई को आर्यिका दीक्षा दी । आचार्य श्री द्वारा पंच मुष्ठी केशलोच कर मस्तक और हस्त पर दीक्षा संस्कार कर उन्हे दीक्षा प्रदान कर आचार्य श्री ने नूतन नाम आर्यिका श्री 105 सुभगमति माताजी प्रदान किया। धर्म के माता पिता बनने का सौभाग्य देवेन्द्र श्रीमती मीनाक्षी बोहरा उदयपुर को प्राप्त हुआ। पुण्यार्जक परिवार द्वारा संयम के उपकरण पीछि, कमंडल, शास्त्र, साड़ी दी गई इस अवसर पर काफी भक्त उपस्थित रहे। ब्रह्मचारी गजू भैय्या राजेश पंचोलिया के अनुसार आर्यिका 105 श्री सुभगमति जी माताजी जिनके गृहस्थ अवस्था का नाम घिसी देवी ठोलिया रहा इनका जन्म भादवा जिला जयपुर में हुआ। वर्तमान में उम्र 80 वर्ष की है। गृहस्थ अवस्था पति का नाम चिरंजीलाल ठोलिया जोबनेर निवासी हैं। पूज्य माताजी ने लौकिक शिक्षा **primary** तक की इसके साथ ही धार्मिक शिक्षा का अध्यन कर धर्म शिक्षा का शास्त्र ज्ञान अर्जित किया इनके परिवार के ही गृहस्थ अवस्था के पुत्र क्षुल्लक 105 श्री विशाल सागर महाराज है जो वर्तमान में आचार्य श्री वर्धमानसागर महाराज संघ में है। इतना ही नही इनकी पुत्रवधू आर्यिका 105 विचक्षणमति माताजी है। आचार्य श्री 108 वर्धमान सागर महाराज संघ में है। इन्हें आर्यिका दीक्षा दिनांक ,15 मई 2023 उदयपुर में आचार्य श्री 105 वर्धमान सागर महाराज के द्वारा प्रदान की गई इसके पूर्व श्रीमती धीसी देवी जोबनेर द्वारा क्षुल्लिका दीक्षा वात्सल्य वरिधि आचार्य श्री वर्धमानसागर महाराज से श्रावण शुक्ल सप्तमी 2022 चार अगस्त 2022 को ग्रहण की गई। राजेश पंचोलिया वात्सल्य भक्त परिवार से प्राप्त जानकारी।

**संकलन अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी**

## एक पेड़ देश के नाम कार्यशाला संपन्न




**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया।**

**भीलवाड़ा।** भोली ग्राम स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में इको ब्रिक्स और एक पेड़ देश के नाम कार्यशाला हुई। अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजा कर विद्यार्थियों को बौद्धिक खेल खिलाए। विनोद मिलाना ने बीजारोपण से वृक्षारोपण के बारे में एवं श्रीमती साधना मलाना ने इको ब्रिक्स के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दीपा सिसोदिया, सुमन दूगड़, हेमल राठी उपस्थित थे।

## इस बार 'सतरंगी' होगा 'महेश नवमी महोत्सव'

**भीलवाडा. शाबाश इंडिया।** हर वर्ष की तरह इस बार भी श्री नगर माहेश्वरी सभा की से महेश नवमी परंपरागत रूप से हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। यह जानकारी सोमवार को नगर अध्यक्ष केदार गगरानी पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि 29 मई तक मनाया जाने वाला महोत्सव सतरंगी होगा। जिसमें खेलेंगे, कूदेंगे और नाचेंगे और खाएंगे। संयोजक राधेश्याम सोमानी ने बताया कि माहेश्वरी समाज की महिलाएं घर के चौके चूल्हे को छोड़ मैदान में चौके - छक्के लगाएंगी। आई पी एल की तर्ज पर एम पी एल महिला क्रिकेट प्रतियोगिता 20 व 21 मई को होगी। इसके अलावा सभी वर्ग के लिए कब्बड्डी, बैडमिंटन, रस्साकसी, टेबल टेनिस सहित कई खेल होंगे। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया महोत्सव का मुख्य आकर्षण होगा दो दिवसीय माहेश्वरी सतरंगी मेला। जो 24 व 25 मई को शाम चार बजे से महेश छात्रावास में श्री नगर माहेश्वरी सभा और नगर माहेश्वरी महिला संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में होगा। इस मेले में गेम तो होंगे ही साथ ही होगें लोक डांस, कच्ची घोड़ी नृत्य तथा लोक कलाकारों की अनूठी प्रस्तुति होगी। महेश टेलेंट सर्च और महेश टेलेंट शो भी होगा।








# जयपुर जैन समाज में होगा पहली बार बाल कलाकारों का महासंग्राम

## ए. आर. एल. प्रजेंट्स पहल थिएटर एन्ड पर्सनल्टी डवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन 1 जून से 30 जून तक युवा रंगकर्मी व बॉलीवुड एक्टर अजय जैन मोहनबाड़ी एवं वरिष्ठ लेखक तपन भट्ट के निर्देशन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अरिहन्त नाट्य संस्था द्वारा जयपुर जैन समाज मे पहली बार बच्चों के सर्वांगीण विकास को मध्यनजर रखते हुए समाज श्रेष्ठी नंदकिशोर, प्रमोद पहाड़िया के सहयोग से ए. आर. एल. प्रजेंट्स पहल थिएटर एन्ड पर्सनल्टी डवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन बड़ी भव्यता के साथ 1 जून से 30 जून तक प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक युवा रंगकर्मी व बॉलीवुड एक्टर अजय जैन मोहनबाड़ी एवं वरिष्ठ लेखक तपन भट्ट के निर्देशन में किया जाएगा। इस आयोजन में समाज के 300 से 400 बच्चों का खेल-खेल में सर्वांगीण विकास किया जाएगा और उनकी प्रतिभा को जवाहर कला केंद्र,रविन्द्र मंच व ललित कला अकादमी,ड्रामा डिपार्टमेंट, शिक्षा संकुल से जुड़े अलग-अलग विषयों के प्रशिक्षको के माध्यम से निखार कर बेहतर मंच प्रदान किया जाएगा। वर्कशॉप निर्देशक अजय जैन मोहनबाड़ी ने बताया कि इस तरह का आयोजन जयपुर जैन समाज मे पहली बार किया जा रहा है। ये मंच सिर्फ हमारे होनहार बाल कलाकारों का होगा, जहाँ समाज के 300 से 400 बच्चों द्वारा महावीर स्कूल के ऑडिटोरियम में दी जाएगी अनेकों बेहतरीन और खूबसूरत नाटकों व नृत्य की प्रस्तुतियां व आर्ट एन्ड क्राफ्ट, ड्रॉइंग एन्ड पेंटिंग, मास्क मैकिंग, स्टोरी राइटिंग से सम्बंधित बच्चों द्वारा किये गए वर्क की एग्जीबिशन भी लगाई जाएगी जिससे हमारे समाज के बच्चों की प्रतिभा निकल कर आ सके व उनको प्रोत्साहन मिल सके। लेखक तपन भट्ट ने बताया कि इस कार्यशाला में होगा बहुत सा धूमधड़ाका, बहुत सी मस्ती, बहुत सा धमाल और कमाल के खेल साथ ही साथ इस वर्कशॉप में मुम्बई से बॉलीवुड एक्टर टीटू वर्मा व समीर पहाड़िया कास्टिंग डायरेक्टर बच्चों को अभिनय की





बारीकियों से रूबरू कराने के लिए आ रहे है। **अजय जैन मोहनबाड़ी ने बताया कि निम्न मंदिरों व स्कूल पर होगा पहल थिएटर एन्ड पर्सनल्टी डवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजनः** श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर,चित्रकूट कॉलोनी सांगानेर, श्री दिगम्बर जैन मन्दिर, मोहनबाड़ी, श्री महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर,महेश नगर, श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर विवेक विहार, श्री दिगम्बर जैन मंदिर,चन्द्र प्रभ जी, दुर्गापुरा बीकन पब्लिक स्कूल,मुरलीपुरा। कार्यक्रम के संयोजको के रूप में श्रीमती अंजना जैन,चित्र कूट कॉलोनी,सांगानेर, श्रीमती विनीता जैन,सांगानेर, श्रीमती चन्दा सेठी, दुर्गापुरा, श्रीमती रेणु पांड्या, दुर्गापुरा,श्रीमती सुनीता पांड्या, दुर्गापुरा, श्रीमती सरला बगड़ा,विवेक विहार, श्रीमती रौनक जैन,विवेक विहार, श्रीमती शिल्पी बगड़ा, विवेक विहार, श्रीमती स्पृहा जैन, महेश नगर, श्रीमती गुंजन जैन, मोहनबाड़ी, श्रीमती वैशाली जैन,मोहनबाड़ी है। इन सभी संयोजकगणों की देखरेख में इस वर्कशॉप का आयोजन किया जायेगा, इस वर्कशॉप से जुड़ने की अंतिम तिथि 20 मई है।

# सच्चे देव-शास्त्र-गुरु की सेवा, वैयावृत्ति, दान आदि देने का असीम फल मिलता है : आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी

**कोटा. शाबाश इंडिया।** प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ कोटा की पावन धरा पर धर्म का परचम फहराते हुये हर कालोनी के भक्तों को अपना सान्निध्य प्रदान कर रही हैं। पूज्य माताजी ससंघ धानमण्डी में विराजमान है। धानमण्डी के भक्तों को धर्म से धन्य करते हुए पूज्य माताजी ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा



कि - धन्य है वह धरती जहां गुरुओं और संतों के चरण पड़ते हैं। यह अपने सातिशय पुण्य का ही प्रभाव है जिसके कारण हम संतों की सेवा कर पाते हैं। सच्चे देव - शास्त्र - गुरू की सेवा , वैयावृत्ति , दान आदि देने का असीम फल स्वर्ग आदि में अपना स्थान सुनिश्चित करना है। माताजी ने उदाहरण देते हुए कहा कि - एक कुत्ता जिसके गले में पट्टा है वो पालतू है और जिसके गले में पट्टा आदि नहीं है वह फालतू है।एक कुत्ता अउ की गाड़ी में घूमता है अच्छा खाता है।यहां तक की अच्छे कपड़ें भी पहनता है ।और एक कुत्ता गलियों में घूमता , खाने के लिए तड़पता है। तो ये सब पूर्व कर्म का ही फल है। जो कुत्ता पालतू है उसने पूर्व में दान किया होगा , देव - शास्त्र - गुरु की भक्ति की होगी पर अंतिम समय उसके भाव विपरीत हो गये जिसका फल तिर्यंच पर्याय में जन्म मिला ।लेकिन दान का फल भी उसे मिला इसलिए पालतू बना। हम सब भी यदि मन से दान पूजा सेवा करेंगे तो फालतू नहीं बनेंगे। लेकिन हमें न फालतू बनना है न पालतू तो अपने भावों को संभालकर धर्म में लगाये रहे ।जिससे हमारा इस मनुष्य भव में जैन धर्म पाना सार्थक हो जाये ।17 मई को प्रातः 6.00 बजे पूज्य गुरु मां ससंघ का धानमण्डी से विहार होकर शोपिंग सेंटर में भव्य मंगल प्रवेश होगा।




# तीर्थंकर कल्याणक महोत्सव 18 मई को

## 16 किलो का लड्डू चढ़ाएंगे



राजेश जैन अरिहंत. शाबाश इंडिया।

साखना, टोंक ।श्री 1008 श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र साखना में 18 मई को भगवान शांतिनाथ का त्रय कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। अतिशय क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश सोनी एवं मंत्री प्यार चंद जैन ने बताया कि जैन धर्म के 16वें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ का त्रय कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत भगवान शांतिनाथ का जन्म,तप एवं मोक्ष कल्याणक मनाया जाएगा। इस दिन अतिशय क्षेत्र पर प्रातः भगवान शांतिनाथ का अभिषेक शांतिधारा नित्य नियम पूजा नवग्रह पूजा शांतिनाथ भगवान की पूजा शीतलनाथ भगवान की पूजा चंद्रप्रभु भगवान की पूजा के पश्चात प्रातः 9:15 बजे निर्वाण कांड का वाचन करते हुए सोलह किलो का निर्वाण लड्डू चढ़ाया जाएगा पधारे हुए सभी श्रद्धालुओं के लिए लड्डू मंदिर समिति की ओर से उपलब्ध रहेंगे ।मीडिया प्रभारी राजेश अरिहंत ने बताया कि दोपहर में समाज के सामूहिक भोज का आयोजन रखा गया है जिसके पुण्यार्जक समस्त आंडरा परिवार टोंक होंगे। सायंकाल भगवान की 16 रजत दीपको से महाआरती की जाएगी एवं गुरुकुल के छात्रों के द्वारा भक्ति संध्या का आयोजन होगा। जिसके तहत संगीतमय भजन णमोकार महामंत्र का जाप एवं भक्तामर के पाठ का आयोजन होगा ।अतिशय क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश सोनी ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस कार्यक्रम में पधारने कर धर्म लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया हैं ।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर थड़ी मार्केट मानसरोवर में धार्मिक शिक्षण शिविर का शुभारंभ





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति श्रमण संस्कृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर थड़ी मार्केट मानसरोवर द्वारा 14 मई को धार्मिक शिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन ओम प्रकाश जैन एवं नीलू जी जैन के द्वारा किया गया, दीप प्रज्वलन महावीर कुमार, सिद्ध कुमार सेठी एवं श्रीमती नेहा सेठी जी के द्वारा किया गया एवं चित्र अनावरण श्रीमती उर्मिला जी के द्वारा किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जिनवाणी स्थापना एवं मंगल कलश स्थापना के साथ किया गया इस कार्यक्रम में सुश्री इशीका जैन के द्वारा मंगलाचरण किया गया विदुषी आयुषी जैन एवं विदुषी साक्षी जैन सांगानेर के नेतृत्व में इस शिविर का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में थड़ी मार्केट जैन समाज के सभी महानुभाव ने बड़े उत्साह से बढ़ चढ़कर भाग लिया पारसनाथ महिला संभाग की अध्यक्ष श्रीमती नीता जैन ने बताया कि हमारा उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं को धार्मिक शिक्षा देकर उनके मन में अपने धर्म के प्रति सच्ची जागरूकता लाना है। इसी कार्यक्रम के दौरान श्याम जैन एवं श्रीमती बरखा देवी जैन के द्वारा मंदिर जी में 5 व्हीलचेयर धर्मार्थ एवं पुण्य कार्य के लिए दी गई किसी भी समाज बंधु को इस व्हीलचेयर की कभी भी आवश्यकता हो तो वह मंदिर कमेटी से संपर्क करके ले सकते इस कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को संभाग की मंत्री श्रीमती भंवरी देवी जैन के द्वारा धन्यवाद दिया गया एवं अल्पाहार करवाकर कार्यक्रम को पूर्ण किया गया।

## स्वरलक्ष्मी ग्रुप के तत्वावधान में म्यूजिकल नाइट का आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** स्वरलक्ष्मी ग्रुप के तत्वावधान में सियाम ऑडिटोरियम कृषि अनुसंधान केंद्र में एक म्यूजिकल नाइट का आयोजन प्रसिद्ध समाज सेविका श्रीमती पूर्णिमा राजेश रारा के तत्वावधान में किया गया म्यूजिकल नाइट का यह आयोजन प्रसिद्ध गायिका वीणा मोदानी एवं जेके पवार के सानिध्य में इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन प्रतिभाशाली गायिका और गायकों को आगे लाने का था कि जिनमें प्रतिभाएं थी लेकिन जिन्हें कभी आगे आने का मौका नहीं मिला। कार्यक्रम की शुरूआत प्रसिद्ध गायक नरेंद्र जैन एवं गायिका नेहा काला द्वारा णमोकार महामंत्र से की गई पूर्णिमा रारा द्वारा गाया जीवन के दाता सांसो के स्वामी यह नैया की पतवार तुमको है अर्पण प्रस्तुत किया गया। मीना जैन चौधरी द्वारा भक्तामर स्त्रोत की महिमा को बताया एवं काव्य पाठ किया। आमंत्रित सभी गायिकाओं ने पूर्णिमा रारा के साथ सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु करते हैं हम शुरू आज का काम प्रभु ,भजन से इस कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। सभी बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी लता मंगेशकर, आशा भोंसले, मदन मोहन जी के गाए पुराने फिल्मी गानों को बहुत ही सुंदर प्रस्तुतियों पेश की। इंडियन आइडल फेम विशाल श्रीवास्तव इस कार्यक्रम के विशेष आकर्षण रहे और एक भव्य प्रस्तुति दी ।सरिता काला ने बड़े अच्छे लगते हैं यह धरती यह नदियां, प्रियंका काला ने निंदिया से जागी बहार ऐसा मौसम देखा पहली बार, कृष्णा चितलांगिया, गरिमा शर्मा, नेहा लोढ़ा, मनीष गोलेछा , मोहम्मद आजाद, सुमन माथुर ,गरिमा पाटनी, उमा तिवारी, हर्ष टांक ने सुंदर सुरीली गायन प्रस्तुतियां दी। गार्गी, रिद्धि,सिद्धि, उषा, भव्या ने नृत्य प्रस्तुतियां दी।

## श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर हरी मार्ग सिविल लाइन में धार्मिक शिक्षण शिविर का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति व श्रमण संस्कृति के संयुक्त तत्वावधान में श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर हरी मार्ग सिविल लाइन में मंदिर प्रन्यास कार्याध्यक्ष धर्मचंद पहाड़िया व दिगंबर जैन समाज सिविल लाइन संभाग अध्यक्ष रमेश चंद जैन के द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत धार्मिक शिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया। मंगलाचरण किया गया पंडित संजय शास्त्री का तिलक माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। शिविर संयोजिका किरण बगड़ा व श्रीमती चंदनबाला द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया उसके पश्चात छहढाला का अध्ययन किया गया।



# विश्व मंगल कामना और शांति यज्ञ के साथ सिद्धचक्र महामंडल विधान संपन्न



सौरभ जैन.शाबाश इंडिया

**पिड़ावा।** झालावाड़ जिले की धार्मिक नगरी पिड़ावा में दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन जुना मंदिर नवीन जिनालय खंडपुरा के ऐतिहासिक पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की प्रथम वर्ष गांठ के पावन अवसर पर स्व.मदन मोहन वैद्य, स्व.कमलाबाई की पावन स्मृति में गुर्जर सुल्तानी परिवार की ओर से 8 मई से 16 मई तक श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन भक्ति भाव पूर्वक किया गया। इस विधान के समापन के पावन अवसर पर मंगलवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जैन समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि विधान में प्रतिदिन 9 दिन तक आचार्य सुव्रत सागर महाराज के पावन सानिध्य में बाल ब्रह्मचारी संजय भैया पठारी के कुशल नेतृत्व में पं. राजकुमार जैन, पं. मुकेश जैन सुसनेर, पं. श्रेयांश जैन के सहयोग से सानंद संपन्न हुआ विधान में प्रतिदिन भगवान का अभिषेक, जाप अनुष्ठान, दैनिक पूजन, सिद्ध चक्र महा मण्डल विधान की संगीतमय पूजन, आरती, जिनेंद्र भक्ति, शास्त्र प्रवचन व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंगलवार को अष्टम पूजा के संपूर्ण अर्ध पूर्ण कर जाप अनुष्ठान के साथ विश्व मंगल कामना व शांति यज्ञ किया गया। इसके बाद नगर में शोभायात्रा निकाली गई।

# जैन मिलन मकरोनिया द्वारा विशाल अस्थमा जांच शिविर का आयोजन



## 84 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई

सागर. शाबाश इंडिया

जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 द्वारा मातृत्व दिवस के अवसर पर एक दिवसीय विशाल अस्थमा डायबिटीज टीवी ब्लड प्रेशर निशुल्क जांच शिविर का आयोजन स्नेह भवन अंकुर कॉलोनी में ईजीमेडिको के सौजन्य से लगाया गया। जिसमें डॉक्टर अखिलेश जैन फैलोशिप इन डायबिटीज यूके एमबीबीएस डीटीसीडी डीएनबी एवं उनकी टीम के द्वारा 84 मरीजों की जांच की गई एवं विशेष परामर्श एवं उपचार भी दिया गया। दीप प्रज्वलन एवं महावीर प्रार्थना के साथ ही शिविर का प्रारंभ वीर गुलझारीलाल जैन वरिष्ठ समाजसेवी एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तथा वीर डीके जैन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के द्वारा शिविर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर वीर संतोष जैन गढ़ाकोटा संयुक्त क्षेत्रीय मंत्री, वीर सुरेश जैनअध्यक्ष, वीर राजेश जैन कोषाध्यक्ष, वीर रविंद्र जैन मंत्री, वीर हेमचंद जैन कार्यकारी अध्यक्ष, वीर प्रदीप सिघई जैन उपाध्यक्ष, वीर पी सी जैन बीएसएनएल एवं पीसी जैन शिक्षक उपाध्यक्ष वीर निशिकांत सिंघई प्रचार-प्रसार मंत्री वीर उत्तमचंद जैन सह कोषाध्यक्ष वीर डीके जैन प्राचार्य वीर पंकज जैन मार्गदर्शक, वीर वीरेंद्र प्रधान मार्गदर्शक, वीर ऋषभ जैन शाहगढ़ वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वीर हीरालाल जैन बैंक मैनेजर मार्गदर्शक, वीर आलोक चौधरी वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य वीर अशोक जैन वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य,, वीर मनीष जैन विद्यार्थी प्रचार मंत्री, वीर नमन जैन वीर दीपराज जैन वीर सुदीप जैन सीए वीर विरेंद्र जैन विशेष कार्यकारिणी सदस्य वीर प्रदीप जैन बैंक ऑफिसर विशेष कार्यकारिणी सदस्य वीर आरकेजीएम ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीर मुकेश जैन साहिल ऑटो पार्ट्स प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वीर सुनील जैन वीर अनिल जैन वीर मनोज जैन वीर संजय जैन सहारा के साथ-साथ बड़ी संख्या में वीर एवं वीरांगना उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में वीर निशिकांत सिंघई एवं वीर मनीष जैन विद्यार्थी प्रचार मंत्री द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।


